# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष/फैक्स : 01342—252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


पत्रांकः 2636 / प्रेस कटिंग / 23 दिनांकः—15.06.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :—** **उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से प्राप्त ई0पेपर अमर उजाला दिनांक 13 जून 2026 प्रेस कटिंग **" शुद्ध पेयजल के लिए दो साल से तरस रहे गांव नेकपुर के ग्रामीण "** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः—

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| प्राप्त पेपर कटिंग में नजीबाबाद। तहसील की ग्राम पंचायत नेकपुर में करीब दो साल पहले जल जीवन मिशन के अंतर्गत ओवरहेड टैंक का निर्माण शुरू हुआ था। भूमिगत पाइप लाइन बिछाने के बाद हर घर जल पहुंचाने के लिए कनेक्शन भी दिए गए। डेढ़ साल बाद ही ओवरहेड निर्माण अधर में लटक गया। करीब 1800 मतदाताओं वाले नेकपुर व नांदकार गांव के ग्रामीणों की हर घर जल पहुंचने की मुहिम को झटका लगा। ग्रामीण शुद्ध पेयजल के लिए पिछले दो साल से तरस रहे हैं। हालांकि ओवरहेड निर्माण से पहले ग्रामीणों को तीन दशक पहले बनी ओवरहेड टैंक से जलापूर्ति हो रही थी लेकिन जल जीवन मिशन के तहत निर्माण कंपनी पुरानी भूमिगत पाइप लाइन को नई लाइन बिछाने के दौरान ध्वस्त कर दिया। अब ग्रामीण पुराने ओवरहेड टैंक से नई भूमिगत पाइप लाइन को जुड़वाने के लिए अफसरों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।<br>—अशुद्ध पानी पीने से गंभीर बीमारी का हो रहे शिकार<br>भाकियू नेता अनिल चौहान ने बताया कि यहां का पानी पीने योग्य नहीं हैं। निजी हैंडपंप का पानी रखने के बाद पीला पड़ जाता है। अशुद्ध पेयजल के सेवन से ग्रामीण कैंसर जैसी गंभीर बीमार का शिकार हो रहे हैं।<br>तीन दशक पहले घरों में पहुंचा था शुद्ध पानी<br>किसान प्रदीप परमार ने बताया कि यहां के दूषित पानी को देखते हुए तीन दशक पहले शासन से ओवरहेड टैंक की मांग की थी। शासन ने गंभीरता से लेते हुए ओवरहेड टैंक का निर्माण कर ग्रामीणों को शुद्ध पानी की व्यवस्था की थी।<br>पुरानी भूमिगत पाइप लाइन को किया ध्वस्त<br>ग्रामीण गजेंद्र सिंह ने बताया कि ओवरहेड टैंक निर्माण कंपनी के कर्मचारियों को पुरानी पाइप लाइन से विपरीत दिशा में पाइप लाइन डालने को कहा गया था, लेकिन कर्मचारियों ने नई पाइप लाइन डालकर पुरानी पाइप लाइन को ध्वस्त कर दिया।<br>अधर में काम छोड़ गई कंपनी<br>ग्राम प्रधान विनोद देवी ने बताया कि कई बार जल जीवन मिशन के अधिकारियों से ओवरहेड टैंक का निर्माण पूरा करने की मांग की लेकिन बजट का बहाना बनाकर कंपनी ने काम अधर में छोड़ दिया। ग्रामीण काम पूरा कराने का उन पर दबाव बना रहे हैं।<br>उधर जल जीवन मिशन के इंजीनियर सुनील कुमार ने बताया कि ओवरहेड टैंक का करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही कार्य का पूर्ण कर ग्रामीणों को जलापूर्ति की जाएगी।<br>उधर खंड विकास अधिकारी किरतपुर कमल सिंह ने बताया कि दो साल से पेयजल आपूर्ति बाधित है, गंभीर समस्या है। पुराने ओवरहेड टैंक को नई पाइप लाइन से जोड़ने के प्रयास कर पेयजल आपूर्ति कराएंगे। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम नेकपुर, विकास खण्ड नजीबाबाद में फेज—।।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>ग्राम **नेकपुर, विकास खण्ड नजीबाबाद** में निर्माणाधीन पेयजल योजना में टयूबवैल, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण एवं ओवर हैड का कार्य स्लैब लेबिल तक पूर्ण हो चुका है एवं जिंक टैंक इन्सटालेसन का कार्य अवशेष है। योजना में पाइप लाईन का कार्य 5.3 किमी0 के सापेक्ष 4.9 किमी0पूर्ण, एवं 396 नग एफ0एच0टी0सी0 के कार्य पूर्ण कर दिया गया है, सौलर अधिष्ठापन हेतु चयनित जगह पर वृक्ष होने के कारण सौलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है।<br><br>एजेन्सी द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक VTLGaja-JV/SWSM/Bijnor/ 2026-27/1599 Dated 15-06-2026 के द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा 20—25 दिन में अवर जलाशय के अवशेष कार्य प्रारम्भ करा दिये जायेगें एवं अवशेष पाइप लाईन के कार्य पूर्ण कर दिये जायेंगे। इसके अतिरिक्त ग्राम में पेयजल व्यवस्था हेतु योजना में पूर्व से बनी पेयजल योजना के टयूबवैल/पम्प हाउस से अस्थाई कनैक्शन कर एक सप्ताह में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जायेगी।<br><br>अधोहस्ताक्षरी द्वारा एजेन्सी को समस्त कार्य समयबद्ध रुप से पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये है। |

भवदीय

(राकेश चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2— जिलाधिकारी महोदया बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3— मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4— जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को सूचनार्थ प्रेषित।
3— श्री शुभम सक्सैना सहायक अभियन्ता/श्री भारत सिंह जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4— प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स विंध्या टेलीलिंक्स लि0—गजा इंजी0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना से समयान्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारु करना सुनिश्चित करें।


अधिशासी अभियन्ता

<u>ग्राम नेकपुर, विकास खण्ड नजीबाबाद, जनपद बिजनौर</u>












## Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV

Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.-3,4 & 5, Sector 125, Noida -201301, India
P: +91-120-4950200 | F: +91-120-4950222 | E: epc.upjal@vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4


**Ref: VTL-GAJA JV/SWSM/BIJNOR/2026-27/1599** **Date: 15-06-2026**

To,
The Executive Engineer,
UP Jal Nigam, Near Laddapura Water Works,
District Bijnor, U.P.

**Project:** - "Implementation of variopus Rural Water Supply projects in the State of Uttar Pradesh under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor, and Moradabad Division.

**Subject: "In reference of complain Raised in Amar Ujala Newspaper at scheme Naikpur Block Kiratpur under Jal Jeevan Mission (JJM) Phase-III in District Bijnor, Moradabad Division, Uttar Pradesh."**

**Ref.:**

1. NIT No. 2481/W-22/NIT/2020-21 dated 27/10/2021.
2. LOA No. 3558/W-25 (Moradabad)/2021-22 dated 07/01/2022.
3. Agreement No. 01/ED/Phase-3/2021-22 dated 07/01/2022.

Dear Sir,

With reference to the above cited subject, we would like to inform you that we had been nominated as implementing agency for the work of Rural Water Supply projects under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor.

In reference to the complaint published in the Amar Ujala newspaper regarding the water supply scheme at Naikpur, Block Kiratpur, concerning the completion of the scheme work, it is submitted that the work is being executed within the existing scheme campus. The civil work of the Pump House and Overhead Tank (OHT) has been completed. The solar work is pending due to the presence of a large standing tree at the proposed location, which requires necessary resolution before execution.

Further, approximately 4.9 km of pipe laying work out of the total 5.3 km scope has been completed. Most of the pipeline laying work has been executed through the HDD (Horizontal Directional Drilling) method. Additionally, 396 Functional Household Tap Connections (FHTCs) have been completed. The remaining OHT-related work and balance distribution network laying work are expected to be completed within 20 to 25 days. Meanwhile, it is planned to start the water supply through the existing Pump House within one week to facilitate the residents.

Thank you for your attention and cooperation.

**For and on behalf of Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV,**

Authorized Signatory


**Regional office Address:** Shop No 201C & 201 D, First Floor, Govinda Apartment 1-A, Shahnajaf Road, Lucknow U.P 226001